आइसीएसआइ व एमआर यूनिवर्सिटी में दिखा उल्लास

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गणतंत्र दिवस पर उल्लास का माहौल रहा। इंस्टीट्यूट आफ कंपनी सेक्रेटरीज(आइसीएसआइ) के नार्दन इंडिया रीजनल काउंसिल (एनआइआरसी)के फरीदाबाद चेप्टर के सदस्यों ने गणतंत्र दिवस समारोह का सुंदर आयोजन किया। कार्यक्रम में अर्जुन अवार्डी पहलवान और इंस्पेक्टर नेहा राठी मुख्य अतिथि थीं।

सीएस मोनिका आनंद और सीएस पीसी जैन ने नेहा राठी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। चेप्टर परिसर में ही ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम मे वरिष्ठ सीएस पीसी जैन, विक्रम ग्रोवर, ओमप्रकाश, कपिल डुडेजा, मधु तथा रंजना गुप्ता मौजूद थीं।

मानव रचना प्रांगण में मनाया गणतंत्र दिवस: मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (एमआरईआइ) के प्रांगण में मुख्य अतिथि कर्नल वीके गौड़ ने सम्मानित अतिथि के रूप में पूर्व छात्र संबंध और अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रमुख सान्या भल्ला के साथ ध्वजारोहण किया। मानव रचना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डा.आईके भट्ट विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्य अतिथि कर्नल वीके गौड़ ने छात्रों को संबोधित करते हुए बेहतर नागरिक बनकर जिम्मेदारियों को समझने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय होने का सार राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने और पूरा करने में निहित है। रेहनुमा सोसाइटी, खलबली थिएटर सोसाइटी, एमआरयू की नूरा फैशन सोसाइटी, रुद्र डांस सोसाइटी, मोक्ष–म्यूजिक सोसाइटी ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मन मोहा।

फरीदाबाद सीएस चेप्टर परिसर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के मौके पर मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्डी पहलवान व निरीक्षक नेहा राठी को स्मृति चिन्ह देते हुए सीएस मोनिका आनंद और सीएस पीसी जैन। चित्र में दाएं और बाएं दिखाई दे रहे हैं अन्य उपस्थित सीएस • सौ.पीआरओ सीएस चेप्टर

मानव रचना यूनिवर्सिटी के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण के बाद राष्ट्र ध्वज को सलामी देते मुख्य कर्नल वीके गौड़, साथ में सान्या भल्ला व डा.आईके भट्ट • सौ.पीआरओ एमआर संस्थान